हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
# मेट्रो सिटी
नागपुर, मंगलवार, 24 जून 2025

## वाहन चोरी का खुलासा, एक गिरफ्तार

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच के वाहन चोरी विरोधी दस्ते ने वाहन चोरी के एक मामले का खुलासा किया है। इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से चोरी की गई स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। जानकारी के अनुसार, दिनांक 16 जून को सुबह 11:30 बजे से दोपहर 3:30 बजे के बीच, यशोधरानगर थाना क्षेत्र के ऑटोमोटिव्ह चौक, मेट्रो स्टेशन पार्किंग से फरियादी स्वप्निल कृष्णा मेश्राम ( 19 वर्ष प्लॉट नं. 118, ड्रैगन पैलेस के पास, नवी कामठी निवासी की 50,000 रुपये कीमत की होंडा एक्टिवा (क्रमांक एम.एच. 40 बी.क्यू. 5971) चोरी हो गई थी। फरियादी की शिकायत के आधार पर यशोधरानगर थाने में अज्ञात आरोपी के मामला दर्ज किया गया था। क्राइम ब्रांच वाहन चोरी विरोधी पथक के अधिकारियों और कर्मचारियों ने तकनीकी जांच और विश्वसनीय जानकारी के आधार पर आरोपी अक्षय राहुल निमगडे (25) रानी दुर्गावती चौक, इंदिरा माता नगर निवासी को हिरासत में लिया।

# पांचपावली फ्लाईओवर का 60% हिस्सा तोड़ा गया

### रेल ब्लॉक नहीं मिलने से रुका काम

**नागपुर.**



भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने पांचपावली फ्लाईओवर का करीब 60 फीसदी हिस्सा तोड़ दिया है। फ्लाईओवर का जितना हिस्सा तोड़ा गया है, वहां पाइलिंग, पाइल कैब व पिअर का काम पूरा हो चुका है। रेल ब्लाक नहीं मिलने से फ्लाईओवर को जमींदोज करने का काम रुका हुआ है। एनएचएआई व ठेका कंपनी के अधिकारियों की एसईसी रेलवे डीआरएम के साथ आज होने वाली बैठक में प्रमुख मुद्दों पर चर्चा होगी।

**बैठकों के बाद भी ब्लाक नहीं मिला :** एनएचएआई ने शहर के सबसे लंबे प्रस्तावित इंदोरा-दिघोरी फ्लाईओवर का काम शुरू किया है। करीब 700 करोड़ रुपये की लागत से बन रहा 11 मीटर (36 फुट) चौड़ा यह फ्लाईओवर 9 किलोमीटर लंबा है। निर्माणाधीन फ्लाईओवर को पूरा करने के लिए दो महीने से ज्यादा समय से पांचपावली फ्लाईओवर को तोड़ा जा रहा है। इस ब्रिज को तोड़ने व फ्लाईओवर के निर्माण का काम एनसीसी कंपनी के माध्यम से चल रहा है। पांचपावली फ्लाईओवर के नीचे रेलवे की दो क्रासिंग आती हैं। रेल ब्लाक नहीं मिलने से इस हिस्से को तोड़ा नहीं जा सका है। एनएचएआई व ठेका कंपनी के अधिकारियों की रेलवे प्रशासन के साथ कई बार बैठकें हुईं, पर ब्लाक नहीं मिल सका। सोमवार 23 जून को एसईसी रेलवे के डीआरएम के साथ होनेवाली बैठक में ब्लाक को लेकर सकारात्मक चर्चा होने की उम्मीद है। एनएचआई व एनसीसी कंपनी के अधिकारियों के अनुसार इंदोरा-दिघोरी फ्लाईओवर दिसंबर में यातायात के लिए खोला जा सकता है। फ्लाईओवर का काम तेजी से चल रहा है। अधिकांश जगहों पर निर्माणकार्य अंतिम चरण में है। सबसे बड़ी समस्या रेल ब्लाक की है। फ्लाईओवर शुरू होने के बाद दो जगह अंडर ब्रिज बनाने का काम शुरू किया जाएगा। पहली प्राथमिकता जल्द से जल्द फ्लाईओवर शुरू करने की है।

एनएचएआई को रेलवे से कुल 7 ब्लाक चाहिए। 2-2 घंटे के 2 ब्लाक और 3-3 घंटे के 5 ब्लाक लगेंगे। 7 ब्लॉक देने की मांग निर्माण कंपनी के अधिकारियों द्वारा एसईसी रेलवे प्रशासन से की गई है। कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि यदि रेलवे लगातार सात दिन तक ये ब्लॉक देता है तो रेलवे ट्रैक के बचे हुए 20 मीटर हिस्से को तोड़ने के अलावा वहां नए पुल के निर्माण के लिए जरूरी काम पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

# भरोसा सेल को मिला नया आशियाना

### पुलिस मुख्यालय परिसर में हुआ भव्य उद्घाटन

**नागपुर.**



शहर पुलिस की अपराध शाखा के अंतर्गत संचालित भरोसा सेल कार्यालय को आज अपना नया भवन मिल गया है। यह कार्यालय, जो जनवरी 2017 से सुभाष नगर टी-पॉइंट, अंबाझरी में किराए के भवन में कार्यरत था, अब पुलिस मुख्यालय परिसर, माध्यमिक विद्यालय के पीछे, काटोल रोड में स्थानांतरित कर दिया गया है।

नवनिर्मित भरोसा सेल कार्यालय का उद्घाटन समारोह पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने परिसर में वृक्षारोपण भी किया। अपने उद्घाटन भाषण में पुलिस आयुक्त ने भरोसा सेल की स्थापना के पीछे के उद्देश्य को स्पष्ट किया और इस बात पर प्रकाश डाला कि भरोसा सेल ने प्राप्त कुल शिकायतों में से 98 प्रतिशत का सफलतापूर्वक निपटारा किया है। उन्होंने कार्यालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के कार्यों की विशेष प्रशंसा की, उन्हें प्रोत्साहित किया और भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट कार्य करने की अपेक्षा व्यक्त की।

उद्घाटन समारोह में सह पुलिस आयुक्त, नवीनचंद्र रेड्डी, अपर पुलिस आयुक्त (अपराध) वसंत परदेशी, शिवाजीराव राठौड़, अपर पुलिस आयुक्त (दक्षिण प्रभाग,राजेंद्र दाभाड़े, अपर पुलिस आयुक्त (उत्तर प्रभाग) सहित शहर के सभी पुलिस उपायुक्त, सभी सहायक पुलिस आयुक्त और बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और नागरिक उपस्थित थे।

पुलिस विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि भरोसा सेल कार्यालय अब सुभाष नगर टी-पॉइंट, अंबाझरी, नागपुर से नागपुर शहर पुलिस मुख्यालय परिसर, नागपुर माध्यमिक विद्यालय के पीछे, काटोल रोड, नागपुर में स्थानांतरित हो गया है। अतः, अपनी किसी भी कानूनी शिकायत के लिए अब भरोसा सेल के नए पते पर संपर्क करें।

# ऑपरेशन थंडर : नए कामठी में नशामुक्ति अभियान

**नागपुर/कामठी.**




पुलिस आयुक्त रवींद्र सिंघल के मार्गदर्शन में नागपुर आयुक्तालय और पुलिस प्रशासन की ओर से 'ऑपरेशन थंडर' की संकल्पना के तहत नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक महेश आंधले के मार्गदर्शन में, पुलिस उपनिरीक्षक राहुल साबले और पुलिस उपनिरीक्षक संदीप भिताडे के साथ, खुफिया विभाग के अखिलेश राय ठाकुर, अंकित ठाकुर सहित पुलिस स्टाफ के सहयोग से नए कामठी क्षेत्रों में सैलाब नगर, पोरवाल कॉलेज परिसर में आज सोमवार को सुबह में एक कार्यक्रम आयोजित किया।

इस कार्यक्रम में उपस्थित 80-100 लोगों के जनसमुदाय, कॉलेज के शिक्षकों और विद्यार्थियों के समक्ष नशामुक्ति अभियान को एक सप्ताह के भीतर चलाने के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। कामठी को नशामुक्त और ड्रग्स-मुक्त बनाने के बारे में जानकारी दी गई। यह भी बताया गया कि यदि किसी को एमडी या गांजा बेचने या खरीदने वाले के बारे में जानकारी मिलती है, तो वे तत्काल पुलिस स्टेशन में या डायल 112 पर सूचित करें। नागरिकों से नशामुक्ति के लिए जन जागरूकता फैलाने और इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया गया। इसके अतिरिक्त, सैलाब नगर परिसर में रैली निकालकर, नारे लगाकर नशामुक्ति अभियान में भाग लेने और जन जागरूकता फैलाने के लिए भी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

# संदेश सिटी में सेंधमारी

### डब्ल्यूसीएल के जनरल मैनेजर के घर से 8.92 लाख का माल हुआ चोरी

**नागपुर.**

हिंगना पुलिस स्टेशन के अंतर्गत जामठा के संदेश सिटी में एक बंद घर से अज्ञात चोरों ने करीब 8.92 लाख का सामान चुरा लिया। घटना रविवार सुबह तब सामने आई जब घर के मालिक वापस लौटे। चोरों ने घर के किचन की पिछली खिड़की की लोहे की ग्रिल तोड़कर घर में प्रवेश किया और सोने-चांदी के गहने और अन्य सामान लेकर फरार हो गए। फरियादी त्रिनाथ कोटमराज सरिकोंडा (58) एसडी-20, संदेश सिटी, जामठा, वर्धा रोड निवासी वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में जनरल मैनेजर हैं। वे शुक्रवार 20 जून को अपने परिवार के साथ अपने पैतृक गांव हैदराबाद गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने इस सोसायटी की पिछली सुरक्षा दीवार फांदकर सरिकोंडा के घर में प्रवेश किया। चोरों ने अलमारी में रखे 18 सोने के कंगन (कीमत 675,000), एक 45 ग्राम की सोने की चेन (कीमत 1,12,000), एक पुरानी 22 ग्राम की सोने की स्टेप चेन (अनुमानित कीमत 55,000), एक पुरानी गोल्डन कवर वाली घड़ी (कीमत 10,000), और 18 कैरेट सोने में 2 कैरेट हीरे का एक नेकलेस और कान के झुमके (अनुमानित कीमत 40,000) सहित कुल 8,92,000 मूल्य के सोने के गहने, घड़ी और हीरे के आभूषण चुरा लिए।

रविवार की सुबह करीब 8 बजे जब फरियादी अपने घर पहुंचे और मुख्य दरवाजा खोलकर अंदर गए, तो उन्हें अलमारी के कपड़े और अन्य सामान अस्त-व्यस्त पड़े मिले। उन्होंने तुरंत हिंगना पुलिस को इसकी सूचना दी। थाना प्रभारी जितेंद्र बोबडे, उपनिरीक्षक चंचल पवार, अनिल झाडे और स्टाफ मौके पर पहुंचे। पंचनामा कर आरोपियों के खिलाफ चोरी के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश जारी है। यह आवासीय कॉलोनी चारों ओर से सुरक्षा दीवार से घिरी हुई है। सामने के हिस्से में सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं और गेट पर सुरक्षा गार्ड भी तैनात रहते हैं। किसी भी सीसीटीवी कैमरे में आरोपी दिखाई नहीं दिए हैं। पुलिस को संदेह है कि आरोपी पिछली सुरक्षा दीवार फांदकर कॉलोनी में घुसे होंगे और उन्हें सीसीटीवी कैमरों की सटीक जानकारी पहले से थी। पुलिस को यह भी आशंका है कि आरोपियों ने इस इलाके की रेकी कर ही चोरी को अंजाम दिया होगा।

# लापता किशोरी दिल्ली से बरामद, पुलिस ने परिजनों को सौंपा

**नागपुर.** क्राइम ब्रांच के अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम दस्ते ने गिट्टीखदान थाना क्षेत्र से लापता हुई 16 वर्षीय किशोरी को दिल्ली से सकुशल बरामद कर लिया है। किशोरी को शुक्रवार, 21 जून 2025 को नागपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रैक किया गया और उसे वापस पुलिस के हवाले कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, 18 जून 2025 को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे के बीच गिट्टीखदान निवासी एक 40 वर्षीय व्यक्ति ने अपनी 16 वर्षीय बेटी के घर से लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि उनकी बेटी किसी को बताए बिना घर से चली गई थी और काफी तलाश करने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चल सका। आशंका जताई गई थी कि किसी अज्ञात आरोपी ने बहला-फुसलाकर उसे अगवा कर लिया था। इस संबंध में गिट्टीखदान थाने में अपहरण के तहत मामला दर्ज किया गया था।

क्राइम ब्रांच के अनैतिक मानव तस्करी रोकथाम दस्ते ने इस मामले में समानांतर जांच शुरू की। शुक्रवार, 21 जून 2025 को पुलिस को पुख्ता जानकारी मिली कि लापता किशोरी दिल्ली से ट्रेन द्वारा नागपुर आ रही है। इस सूचना के आधार पर, पुलिस टीम ने तुरंत नागपुर रेलवे स्टेशन पर घेराबंदी की और तलाश अभियान चलाया। तलाशी के दौरान, किशोरी को रेलवे स्टेशन पर ढूंढ लिया गया।

पुलिस ने किशोरी को हिरासत में लेकर उससे विस्तृत पूछताछ की और उसकी काउंसलिंग भी की गई। आवश्यक कार्रवाई के बाद, किशोरी को आगे की कार्यवाही के लिए गिट्टीखदान पुलिस को सौंप दिया गया है।

### > नुक्कड़ नाटक, फुटबॉल टूर्नामेंट के साथ खिलाड़ियों का किया सम्मान

# पुलिस का 'ऑपरेशन थंडर'

**नागपुर.**



शहर पुलिस आयुक्त रविंद्रकुमार सिंगल की संकल्पना से चलाए जा रहे "ऑपरेशन थंडर अभियान के तहत नागपुर पुलिस विभिन्न सामाजिक कार्यक्रम और नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चला रही है। 26 जून 2025 को "अंतर्राष्ट्रीय नशीली पदार्थ विरोधी दिवस" मनाया जाएगा, जिसके उपलक्ष्य में पुलिस आयुक्त, नागपुर शहर, 20 जून 2025 से 26 जून 2025 तक पूरे नागपुर शहर में "नशीली पदार्थ विरोधी जन जागरूकता सप्ताह" मना रहे हैं। इसी कड़ी में, 22 जून 2025 को पुलिस थाना तहसील क्षेत्र के मोमिनपुरा में, क्रिएटिव बहुउद्देशीय संस्था के अंतर्गत प्रबुद्ध रंगभूमि के कलाकारों सुमेध कांबले, संजय सायरे, प्रमोद श्रीराम, प्रीति तिरपुडे और ज्योत्सना बनसोड ने "हम होंगे कामयाब" नामक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से उपस्थित लोगों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों, मानव शरीर और समाज पर उनके प्रभावों के बारे में जागरूक किया। लोगों को नशीले पदार्थों और व्यसनों से दूर रहने के लिए मार्गदर्शन भी दिया गया।

कार्यक्रम में मोमिनपुरा क्षेत्र के ऐसे खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने स्कूली शिक्षा के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कौशल प्राप्त किया है और अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर प्रदर्शन किया है, साथ ही खेल कोटे से सरकारी सेवा में भी शामिल हुए हैं। सम्मानित खिलाड़ियों में रेलवे विभाग से अब्दुल खालिक, आदिल अंसारी, कलीम अंसारी, आसिफ खान, मोहम्मद जुनैद, शाहबाज पठान, मोहम्मद आवेश और पुलिस विभाग से नईम अशरफ, रहमतुल्लाह चौधरी, चेतन दावधारिया, अब्दुल अजहर, अब्दुल जफर शामिल थे। इन सभी को पुलिस आयुक्त के हाथों सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में रशीदिया स्कूल और दारुल उलूम मदरसा के छात्र और शिक्षक भी नशामुक्ति संदेश के फलक लेकर उपस्थित थे। पुलिस थाना तहसील क्षेत्र के एन.एम.सी. मुस्लिम फुटबॉल ग्राउंड, मोमिनपुरा, कब्रिस्तान रोड पर दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का भी आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन राजेंद्र दाभाडे, अपर पुलिस आयुक्त (उत्तरी क्षेत्र) के हाथों किया गया। इस प्रतियोगिता में नागपुर शहर की कुल 08 टीमों ने भाग लिया। अल-फतेह स्पोर्टिंग क्लब और ग्रीन फ्लैग स्पोर्टिंग क्लब के बीच हुए रोमांचक फाइनल मुकाबले में ग्रीन फ्लैग स्पोर्टिंग क्लब 1-0 से विजयी रहा। इस दौरान पुलिस आयुक्त ने नागरिकों को नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में समझाया। उन्होंने युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बनाए रखने और नशामुक्त रहने का संकल्प लेने के लिए भी मार्गदर्शन किया। इस कार्यक्रम में लगभग 1,400 से 1,500 महिलाएं और पुरुष उपस्थित थे।

# राशन की कालाबाजारी का भंडाफोड़

### > 500 क्विंटल चावल जब्त

**नागपुर.**



उत्तर नागपुर के संघर्ष नगर इलाके में राशन अनाज की कालाबाजारी का बड़ा खुलासा हुआ है। रविवार को अन्न व आपूर्ति विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में ऑटोमोटिव चौक के पास एक टीन शेड से 500 क्विंटल चावल जब्त किया गया। यह चावल 546 बोरियों में छिपाकर रखा गया था, जबकि 6 बोरियों में गेहूं भी बरामद हुआ जिसकी कुल कीमत 10 लाख रुपए बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि यह सारा माल 6 वाहनों के जरिए कहीं और ले जाने की तैयारी में था, तभी अधिकारियों ने मौके पर छापा मारा। इस अवैध भंडारण का तार कुख्यात अनाज माफिया बबलू कबाड़ी उर्फ शमसुद्दीन अंसारी से जुड़ा बताया जा रहा है, जो उत्तर नागपुर क्षेत्र में लंबे समय से अनाज की कालाबाजारी में लिप्त है। चर्चा यह भी है कि स्थानीय पुलिस की निष्क्रियता के कारण इन माफियाओं को संरक्षण मिल रहा है, लेकिन इस बार वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले को गंभीरता से लिया है। इस कार्रवाई में अन्न धान्य वितरण अधिकारी विनोद काले के मार्गदर्शन में परिमंडल अधिकारी शिल्पा दरेकर, वैभव खैरकर, आपूर्ति निरीक्षक अमोल कांबले, अन्य आपूर्ति विभाग अधिकारी-कर्मचारी तथा पुलिस बल के जवानों की टीम ने हिस्सा लिया। सूत्रों के अनुसार, इससे पहले भी सोनू-मोनू तनवीर और तिरुपति जैसे अन्य माफियाओं पर कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन कुछ समय बाद ये फिर सक्रिय हो जाते हैं। प्रश्न यह उठता है कि क्या इस बार ये माफिया पूरी तरह बेनकाब होंगे या फिर मामला एक बार फिर फाइलों में दब जाएगा? यशोधरा नगर पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

# महानगरपालिका के स्कूलों में पहले दिन छात्रों की 'चहचहाहट'

### फूल, भोजन, किताबें और अन्य उपहारों से किया गया स्वागत!

**नागपुर.**







गर्मी की छुट्टियों के बाद 23 जून को नागपुर महानगरपालिका के सभी 114 स्कूलों में विद्यार्थियों के स्वागत के लिए 'प्रवेशोत्सव' मनाया गया। फूल, चॉकलेट व पाठ्य सामग्री देकर विद्यार्थियों का अभिनंदन किया गया। पीएम संजयनगर स्कूल में मनपा आयुक्त डॉ. अभिजीत चौधरी, पारडी स्कूल में विधायक कृष्णा खोपड़े व प्रियदर्शिनी विद्यालय में विधायक विकास ठाकरे ने भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इस आयोजन में 14,637 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रवेशोत्सव का मुख्य कार्यक्रम कलमना डिप्टी सिग्नल स्थित पीएम संजयनगर हिंदी उच्च प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नागपुर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी , अपर आयुक्त वैष्णवी बी. , शिक्षाधिकारी साधना सैयाम , सहायक आयुक्त विजय थुल , हरीश राऊत , सहायक शिक्षाधिकारी संजय दिघोरे , प्राचार्या गीता दांडेकर, महानगरपालिका के पूर्व स्थायी समिति अध्यक्ष प्रदीप पोहाणे , पूर्व नगरसेविका चेतना टांक , सरिता कवारे , अभिभावक समिति सदस्य अजीत कौशल सहित स्कूल के शिक्षक , शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। इस अवसर पर महानगरपालिका आयुक्त एवं प्रशासक डॉ . अभिजीत चौधरी एवं अपर आयुक्त वैष्णवी बी. ने विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकें एवं स्कूली सामग्री वितरित की।

आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी ने पीएम संजयनगर विद्यालय में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि नगर निगम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर जोर दे रहा है। उन्होंने शिक्षोत्सव, खेलकूद प्रतियोगिताओं और डिजिटल बोर्ड जैसे प्रयासों का उल्लेख करते हुए बताया कि इससे छात्रों में सकारात्मक बदलाव आ रहे हैं। डॉ. चौधरी ने विद्यालय के स्मार्ट बोर्ड कक्षों का निरीक्षण किया और शिक्षकों को तकनीकी प्रशिक्षण की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीएम संजयनगर विद्यालय ने पढ़ाई और खेल दोनों क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अन्य विद्यालयों के लिए एक आदर्श प्रस्तुत किया है। साथ ही उन्होंने विद्यालय के विकास में पूर्व नगरसेवकों के योगदान की सराहना करते हुए भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा जताई। नगर निगम द्वारा स्कूलों को आवश्यक बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने का आश्वासन भी डॉ. चौधरी ने इस अवसर पर दिया। प्रवेशोत्सव के अवसर पर अपर आयुक्त वैष्णवी बी. ने छात्रों को खेल व पढ़ाई में संतुलन रखने की सलाह दी और मेरिट में आए विद्यार्थियों की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई, फिर शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुलाब के फूल दिए। नर्सरी से कक्षा 8 तक के छात्रों को पाठ्य पुस्तकें और सामग्री वितरित की गई। प्राचार्य गीता दांडेकर ने अतिथियों का परिचय कराया, संचालन मधु पारड़ और आभार प्रदर्शन सीमा जयसिंघानी ने किया।

**सेल्फी प्वाइंट आकर्षण बना :** नगर निगम स्कूल में विद्यार्थियों के लिए बनाए गए सेल्फी पॉइंट सभी को आकर्षित कर रहे थे। विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ भी बड़े उत्साह के साथ सेल्फी ली। बच्चों और अभिभावकों ने इस पल को कैमरे में कैद कर अपने शैक्षणिक जीवन के इस पहले दिन को अविस्मरणीय बनाने का भरपूर आनंद लिया। नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक डॉ. अभिजीत चौधरी और अपर आयुक्त वैष्णवी बी ने भी पीएम संजयनगर हिंदी माध्यमिक विद्यालय में सेल्फी ली।

### कृष्णा खोपड़े ने विद्यालय का किया दौरा

विधायक कृष्णा खोपड़े ने पारडी मराठी उच्च प्राथमिक विद्यालय में प्रवेशोत्सव के अवसर पर दौरा किया। इस अवसर पर विधायक कृष्णा खोपड़े ने विद्यार्थियों का स्वागत किया तथा किंडरगार्टन से कक्षा आठ तक के विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रत्ना कालभूत, विद्यालय निरीक्षक अंजुम आरा, विद्यालय प्रबंधन समिति सदस्य रेखा घोडकड़े उपस्थित थे। इस दौरान लकड़गंज जोन के सहायक आयुक्त विजय थुल ने भी विद्यालय का दौरा किया।

### विकास ठाकरे का विद्यालय दौरा

विधायक विकास ठाकरे ने प्रियदर्शिनी उच्च प्राथमिक विद्यालय, फुटाला और सुरेन्द्रगढ़ हिंदी स्कूल का दौरा कर प्रवेशोत्सव में भाग लिया। उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकें और शैक्षणिक सामग्री वितरित की। ठाकरे ने कहा कि यदि शिक्षक, प्रशासन और अभिभावक मिलकर विद्यार्थियों की पढ़ाई पर ध्यान दें तो वे निश्चित ही मेरिट सूची में स्थान पा सकते हैं। कार्यक्रम में स्कूल निरीक्षक विजय सोनी, प्राचार्य डॉ. वसुधा वैद्य सहित कई शिक्षक, अभिभावक व नागरिक उपस्थित थे।

**वैष्णवी बी. ने विद्यार्थियों को वितरित की पाठ्यपुस्तकें व सामग्री :** मनपा अतिरिक्त आयुक्त वैष्णवी बी ने गांधीबाग जोन के गोपालराव रामजी मोटघरे अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को पुस्तकें व शैक्षणिक सामग्री वितरित की। इस दौरान उपायुक्त गणेश राठौड़ मौजूद रहे। अन्य जोन में भी मनपा अधिकारियों ने विभिन्न स्कूलों का दौरा कर विद्यार्थियों को सामग्री वितरित की। यह पहल शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से की गई।

# प्रवेशोत्सव के बीच गूंज उठा खापरखेड़ा जिला परिषद स्कूल

> पहले ही दिन बच्चों में उत्साह और उल्लास

> अभिनंदन प्रभातफेरी, शिक्षण सामग्री वितरण और वृक्षारोपण जैसे उपक्रम हुए



**खापरखेड़ा.**

प्रकाशनगर (महाजेनको कॉलोनी) स्थित जिला परिषद प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत अत्यंत हर्षोल्लास और प्रेरणादायी गतिविधियों के साथ हुई। पहले दिन को "प्रवेशोत्सव" के रूप में मनाया गया, जिसमें विविध उपक्रमों ने छात्रों, अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया।

विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगे गुब्बारों, फूलों और स्वागत फलक से सजाया गया था। महाजेनको कॉलोनी से प्रभातफेरी निकालकर छात्रों ने उत्सव का शुभारंभ किया। पहली बार विद्यालय में प्रवेश कर रहे नन्हे विद्यार्थियों के पगचिन्हों को रंगोली से सजाकर उनकी विशेष स्मृति संजोई गई।

कार्यक्रम में बच्चों को निःशुल्क वहियाँ, पाठ्यपुस्तकें, स्कूल बैग, जूते-मोज़े, गणवेश आदि वितरित किए गए। इसके साथ ही 'एक पेड़ माँ के नाम' इस प्रेरणादायी अभियान के तहत वृक्षारोपण किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और अतिथियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। स्कूल ने बच्चों के लिए खिचड़ी, बिस्किट जैसे पौष्टिक खाद्य पदार्थों की व्यवस्था भी की, जिससे उनके चेहरों पर विशेष उत्साह देखने को मिला।

कार्यक्रम की प्रमुख उपस्थिति में ग्राम पंचायत चिचोली की सरपंच मीनाक्षी तागडे ने अध्यक्षता की। भूमि अभिलेख विभाग के उप अधीक्षक प्रमोद बोकड़े, ग्राम पंचायत सदस्य अजय सहारे, रमेश मेश्राम, हेमलता पानतावने, मोनिका गाटबांधे, सेवानिवृत्त शिक्षिका सरोज लाजेवार, राजकुमार निकोसे, पत्रकार दिलीप गजभिये, सुनील चरपे, नितिन बेले, दिलीप कुर्वे, विनोद पहाड़े जैसे अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

**ग्राम पंचायत चिचोली की सरपंच मीनाक्षी तागडे ने कहा :** 'प्राकृतिक वातावरण से घिरी यह जिला परिषद स्कूल विद्यार्थियों की शिक्षा की पहली सीढ़ी है। यहाँ पहली और दूसरी कक्षा में सीबीएसई पद्धति से अंग्रेज़ी शिक्षा दी जाती है, जिससे विद्यार्थी आत्मनिर्भर और सक्षम बनते हैं।'

**जि.प. स्कूल के मुख्याध्यापक प्रशांत भशारकर ने कहा :** 'प्रवेशोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों को निःशुल्क शैक्षणिक सामग्री देकर उनमें आत्मविश्वास बढ़ाया गया है। इससे विद्यालय और शिक्षकों के प्रति बच्चों व अभिभावकों की सोच में सकारात्मक बदलाव आता है।'

कार्यक्रम का संचालन उज्ज्वला पजई ने किया जबकि आभार प्रदर्शन महेंद्र मरकाम ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्याध्यापक प्रशांत भशारकर के साथ शिक्षक महेंद्र मरकाम, जयश्री राऊत, माया जोगे, सुरेखा कुलसुगे, अयू भशारकर, शिक्षकेतर कर्मचारी व शाला प्रबंधन समिति का विशेष सहयोग रहा।

# भिलगांव एकता मंच ने धरना प्रदर्शन में दी शासन, प्रशासन को चेतावनी




**कामठी.**

ग्राम पंचायत भीलगांव में विभिन्न समस्याओं को लेकर रविवार 22 जून को आयोजित एक दिवसीय शांतिपूर्ण धरना आंदोलन किया गया। यह आंदोलन क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की गंभीर कमी और प्रशासन की उदासीनता के विरोध में था। वहीं भीलगांव एकता मंच के विलास झंझोटे ने चेतावनी दी कि यदि तीन महीने में समस्याओ का समाधानकारक निराकरण नहीं हुआ तो चक्काजाम आंदोलन कर नेशनल हाईवे 47 नागपुर जबलपुर रोड बंद कर जायेगा। ज्ञात हो कि यह रोड भिलगांव के बीचोंबीच से जाता है इस चक्काजाम आंदोलन से आम जनता को परेशानी होगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त परेशानी का जिम्मेदार भिलगांव ग्राम पंचायत, शासन व प्रशासन रहेगा।

ज्ञात हो कि आंदोलन की अध्यक्षता सुनील चवरे ने की, सूत्र संचालन उमेश बेंडेकर – राष्ट्रप्रथम द्वारा किया गया, और भीलगांव वासियों की समस्याओं पर प्रशांत नायडू ने विस्तार से प्रकाश डाला। इस आंदोलन में भीलगांव की सभी कॉलोनियों से 300 से अधिक नागरिकों ने भाग लिया, जिसमें महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और युवाओं की भी सक्रिय भागीदारी रही। आंदोलन के दौरान नागरिकों ने बताया कि उन्हें पीने का पानी, सड़क, नालियां, साफ-सफाई, कचरा गाड़ी, लाइट, ड्रेनेज जैसी बुनियादी सुविधाएं भी समय पर नहीं मिल रही हैं। जनता ने शासन-प्रशासन पर आवाज़ दबाने, कामचोरी, दबंगई, भ्रष्टाचार, गुटबाजी और ग्राम पंचायत के अंदरूनी कलह जैसे गंभीर आरोप लगाए। आंदोलन के दौरान सभी कॉलोनियों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों का ज्ञापन भीलगांव एकता मंच को सौंपा, जिसे मंच के माध्यम से ग्राम पंचायत सचिव और उपसरपंच मनोज जीभकाटे को सौंपा गया।

जनता ने एक स्वर में ग्रामसभा को कानूनी रूप से बुलाने की मांग रखी और ग्राम पंचायत को जवाबदेह बनाने के लिए स्पष्ट नियम और ठहराव तय करने की बात कही। आंदोलन के दौरान नारेबाजी और दिशा-निर्देशन किया गया, साथ ही भारी पुलिस बंदोबस्त भी तैनात रहा ताकि किसी भी तरह की गड़बड़ी से बचा जा सके।

आंदोलन के सफलतार्थ सौम्या पराते, अंशुल टेभरे, शंभूनाथ शर्मा, राजेश नागदिवे, प्रभाकर वालके, पूनाराम गौतम, रेहान खान, जावेद खान, वीकी डेलिकर, कीशोर बीरला, प्रमोद वानखेडे, मोरेश्वर वासनिक, सिद्धार्थ बागडे, प्रतिभा नागदिवे, कल्पना मूलमूले, अशोक यादव, मनोज लोहिया, राजेश पीतूरकर, पीतांबर पेटकर, एडवोकेट शैलेन्द्र राव, सेनील पानतावने, रिंकू खैरकर, अफसर खान, जयकीशोर बोपचे, नागमणि राव, शिवशंकर गुप्ता, मीना शिंगरूरे, लांजेवार काकू, मनीषा यादव, आशीष केशरवानी, मनीष पाल सिंह, पृथ्वीराज डोंगरे, अनूप ठवरे, सुरेश हुमने, विजय मेश्राम, हरीश धनोरे, राजेंद्र गायकवाड, तिरपुड़े गुरुजी, एस. पी. सिंह, सुधीर जांभुलकर, सुनीता वर्मा, किरण नायडू, श्रीमती जया विलास झांझोटे, लता यादव, बंसोड़ काकू, रूपा बोंडा, शिल्पा भुरे, ऋतु चौहान, आरती पटेल, चंद्रकला नायडू, रानू जुमड़े, राजकुमार राजक, राधेश्याम बिरहा, जे.पी. सिंह, गोलूराम पवार, श्यामल राव, सरिता मून, वीरेन्द्र शुक्ला, हेमन्त रामटेके सहित अन्य भीलगांव वासियों ने समर्थन किया।

# भाजपा सावनेर मंडल की नई कार्यकारिणी गठित

## > जिला अध्यक्षों का हुआ भव्य नागरी सत्कार

**सावनेर.**




भारतीय जनता पार्टी सावनेर मंडल की नवगठित कार्यकारिणी की विस्तारित बैठक का आयोजन पाम कोर्ट लॉन, सावनेर में किया गया। इस विशेष अवसर पर नागपुर ग्रामीण (काटोल) के नव-निर्वाचित जिलाध्यक्ष मा. मनोहर कुंभारे एवं नागपुर ग्रामीण (रामटेक) के जिलाध्यक्ष मा. आनंदराव राउत का भव्य नागरी सत्कार किया गया। बैठक में भाजपा सावनेर मंडल अध्यक्ष मंदार मंगल के नेतृत्व में कार्यकारिणी विस्तार की औपचारिक घोषणा की गई।

बैठक में बतौर मुख्य अतिथि सावनेर विधानसभा के विधायक डॉ. आशीष देशमुख, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ. राजीव पोतदार, भाजपा जिला सचिव रामराव मोवाडे, वरिष्ठ नेता दादाराव मंगले एवं इमेश्वर यावलकर की विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का उद्देश्य संगठन को सशक्त करना एवं पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूती देना था।

घोषित कार्यकारिणी में महासचिव पद पर दिवाकर नारेकर, रितेश सूर्यवंशी और जस्विन लोड की नियुक्ति की गई। वहीं उपाध्यक्ष पद पर शालिक मोहतुरे, विनोद बागड़े, पिंकी लोखंडे, रतन खंगारे, वैशाली कोहले, अर्चना उपगड़े, राधेश्याम उलमाले और मोहन कछवाह को जिम्मेदारी सौंपी गई। सचिव के रूप में मोहन कानफाड़े, रत्नाकर ठाकरे, प्रकाश मेश्राम, चंदू बालपांडे, संजय पावनकर, प्रशांत घोलसे और मनोज भुते को शामिल किया गया।

इसके अलावा विभिन्न विभागों के अध्यक्ष और प्रमुखों की भी घोषणा की गई, जिनमें युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंटू सातपुते, ओबीसी मोर्चा अध्यक्ष बापू सुरे, कामगार मोर्चा अध्यक्ष प्रकाश दुबे, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष वसंत सैय्याम, ओबीसी महासचिव नंदू दिवटे, वैद्यकीय आघाड़ी अध्यक्ष डॉ. मर्फी गजभिए, सोशल मीडिया प्रमुख प्रज्वल कांबले, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष सुधीर बिहोने और युवती प्रमुख कु. वैष्णवी भगत का नाम प्रमुख है।

कार्यक्रम के दौरान मंच और सभा में अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिनमें रामराव मोवाडे, राजूभाऊ घुगल, रवींद्र ठाकुर, तुषार उमाटे, दिगंबर सुरतकर, प्रमोद हट्टी, प्रतीक कोल्हे, कुलभूषण नवधींगे, अरविंद ताजने, विजय लाड, मनीष खंगारे, नरेंद्र ठाकुर, कैलाश सातपुते एवं सतीश बनकर के नाम उल्लेखनीय हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से न केवल संगठन की मजबूती को दिशा मिली बल्कि आगामी राजनीतिक गतिविधियों के लिए एक संगठित और ऊर्जावान टीम के गठन की शुरुआत भी हुई। सभी पदाधिकारियों ने पार्टी के सिद्धांतों के अनुरूप निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया।

# जंगली भैंसे के हमले में घायल चरवाहे की इलाज के दौरान मौत

**सावनेर.** सावनेर के पेंढारी शिवार में 7 जून को चारागाह में मवेशी चरा रहे एक चरवाहे पर अचानक एक जंगली भैंसे ने हमला कर दिया। इस हमले में घायल हुए 55 वर्षीय देवचंद बाजीराव उइके की इलाज के दौरान मौत हो गई। 13 दिनों तक नागपुर के ट्रॉमा सेंटर में इलाज चलने के बाद 20 जून की रात को देवचंद ने दम तोड़ दिया। घटना के दिन देवचंद अपने साथी हरिभाऊ इवानते और विश्वेश्वर उइके के साथ मवेशी चरा रहे थे। तभी अचानक एक जंगली भैंसा दौड़ता हुआ आया और देवचंद को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। साथी चरवाहों और ग्रामीणों की मदद से देवचंद को पहले सावनेर के पाटिल अस्पताल और फिर नागपुर के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया। इलाज के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी। देवचंद की मौत की खबर से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आक्रोशित ग्रामीणों ने देवचंद के शव को वन विभाग कार्यालय ले जाकर विरोध जताया।

# विश्व योग दिवस ग्रामीण अस्पताल में उत्साहपूर्वक मनाया गया

**पारशिवनी.** पारशिवनी के शासकीय ग्रामीण अस्पताल में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. गजानन धुर्वे ने उपस्थित कर्मचारियों को योग की महत्ता पर विस्तृत जानकारी दी और उन्हें योगाभ्यास का मार्गदर्शन भी प्रदान किया।

कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास किया। डॉ. धुर्वे ने बताया कि नियमित योगाभ्यास न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है बल्कि मानसिक तनाव को कम करने में भी बेहद लाभकारी होता है। इस कार्यक्रम में नर्सिंग स्टाफ सहित अस्पताल के सभी कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। कार्यक्रम का संचालन शेलेंद्र घोडेस्वार ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन भूषण रंगारी ने किया।

योग दिवस पर आयोजित यह पहल स्वास्थ्यकर्मियों के लिए प्रेरणादायी रही और स्वस्थ जीवनशैली की ओर एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखी जा रही है।

# आपदा प्रबंधन प्रणाली की जिम्मेदारी प्रा.अवंतिका लेकुरवाले व सहयोगियों निभाई

**कामठी.**

लापता हुए दो बच्चों की देर रात तक जारी खोज अभियान अंततः सफल रहा, सामाजिक कार्य के प्रति जागरूकता रखते हुए - आपदा प्रबंधन के सोए रहने पर भी नागपुर ज़िला परिषद बाल कल्याण विभाग समिति पूर्व सभापति प्रोफेसर अवंतिका रमेश लेकुरवाले और कामठी पंचायत समिति पूर्व उपसभापति आशीष मल्लेवार ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाई।

सोमवार 22 जून को, प्रियांशु धर्मेंद्र शर्मा (7 वर्ष, मूक-बधिर) और वैष्णवी शर्मा (6 वर्ष, बोलने में अक्षम) नाम के दो बच्चे दोपहर 4 से 5 बजे के बीच अचानक लापता हो गए। रात 9 बजे प्रोफेसर अवंतिका रमेश लेकुरवाले को आशीष मल्लेवार ने यह जानकारी दी। जानकारी मिलते ही प्रोफेसर अवंतिका रमेश लेकुरवाले तुरंत घटनास्थल पर पहुंचीं और पुलिस प्रणाली से संपर्क कर उन्हें घटनास्थल पर बुलाया. एसीपी हिवरे सर, पीआई बोराडे सर, उनकी पुलिस टीम के साथ, क्षेत्र के नागरिक, आशीष मल्लेवार, प्रोफेसर नंदाताई ठाकरे और प्रोफेसर अवंतिका रमेश लेकुरवाले की पूरी टीम इस खोज अभियान में शामिल हुई।

इस पूरी घटना में सबसे दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि - आपदा प्रबंधन पूरी तरह से अनुपस्थित था। मुख्य नगर पंचायत, सीईओ और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को बार-बार फोन करने पर भी उन्होंने घटनास्थल पर आने की ज़हमत नहीं उठाई। आपदा प्रबंधन के पास कोई टीम उपलब्ध नहीं थी। अग्निशमन दल की एक भी गाड़ी उपलब्ध नहीं थी। कामठी नगर पंचायत की गाड़ी भेजने को कहा गया, लेकिन वह भी खराब थी। कामठी के तहसीलदार गणेश जगदाले ने हालांकि फोन का जवाब दिया और खुद संबंधित अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया। लेकिन आपदा प्रबंधन के अधिकारियों ने फोन नहीं उठाया।



इस गंभीर स्थिति में, एक स्थानीय तैराक युवक की मदद ली गई। उसे रस्सी से बांधकर संभावित गड्ढों में खोज की गई। उस जगह पर बच्चों के पैरों के निशान मिले, लेकिन सौभाग्य से वे बच्चे उस गड्ढे में नहीं थे। उसके बाद कार्यकर्ताओं की एक अलग टीम बनाकर उस क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर खोज जारी रखी गई. आखिरकार, ये दोनों बच्चे घर से लगभग 6-7 किलोमीटर दूर इंडस्ट्रियल एरिया में, रेलवे ट्रैक के पास बैठे हुए पाए गए.

किसी भी आधिकारिक पद पर न होते हुए भी सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी की भावना रखते हुए, प्रोफेसर अवंतिका रमेश लेकुरवाले, आशीष मल्लेवार, नंदाताई ठाकरे और उनके कार्यकर्ताओं ने अथक प्रयास कर इन बच्चों को ढूंढ निकाला। रात लगभग 3 बजे जब वे बच्चे उनके परिवारों को सौंपे गए, तब उनके चेहरों पर खुशी और राहत की सांस देखकर सभी की थकान दूर हो गई।

इस घटना ने एक बात स्पष्ट रूप से सामने लाई है - विकास की बातें करने वाली प्रणाली के पास नागरिकों की सुरक्षा के लिए आवश्यक सुविधाएं समय पर उपलब्ध नहीं हैं। आपदा प्रबंधन प्रणाली का समय पर न पहुंचना, गाड़ियों का खराब होना, और अधिकारियों का संपर्क में न रहना एक अत्यंत गंभीर बात है। भविष्य में ऐसी घटनाओं को टालने और नागरिकों के जीवन बचाने के लिए आपदा प्रबंधन का अधिक सक्षम, सुसज्जित और जवाबदेह होना आवश्यक है. क्या नगर पंचायत, नगर पालिका, नगर परिषद के स्तर पर आपदा प्रबंधन की ठोस व्यवस्था होगी? इस पर प्रशासन को गंभीरता से विचार करना चाहिए।

# हिट एंड रन हादसा वाड़ी-अमरावती महामार्ग पर बोलेरो की टक्कर से एक की मौत, दो गंभीर घायल

## रॉन्ग साइड से जा रहे थे तीनों युवक, बोलेरो चालक हादसे के बाद फरार

**वाड़ी.**





वाड़ी शहर के अमरावती महामार्ग पर सोमवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। भारत नगर डिवाइडर के समीप दोपहर करीब 12 बजे बोलेरो पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान उत्तम कुमार मंगलू राम ठाकुर (उम्र 35) के रूप में हुई है, जो आयुध निर्माणी अंबाझरी में कार्यरत था। दुर्घटना में सतीश लकड़ा (28) और फूलचंद इक्का (32) नामक उसके दो अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

बताया गया कि ये तीनों कर्मचारी यामाहा टू-व्हीलर से वडधामना की ओर जा रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीनों युवक गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में गाड़ी चला रहे थे और चालक नशे में था।

इसी दौरान वडधामना से वाडी की ओर तेज रफ्तार में आ रही बोलेरो पिकअप ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि उत्तम ठाकुर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे की जानकारी मिलते ही वाडी पुलिस स्टेशन से क्राइम पीआई सोनूबापू देशमुख, पीएसआई निकिता कोठे, पीएसआई अमित बंडगर व एचसी संतोष उपाध्याय घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने तत्काल पंचनामा कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए शासकीय अस्पताल रवाना किया। हादसे के बाद बोलेरो चालक मौके से वाहन सहित फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य संकलित कर मामला दर्ज कर लिया है और फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है। जांच वाडी पुलिस द्वारा जारी है।

# 19 वर्षीय युवक की टीएम मिलर मिक्सर ट्रक से कुचलकर दर्दनाक मौत

## हर्ष कंस्ट्रक्शन की लापरवाही उजागर

**पारशिवनी.**

तामसवाड़ी ग्राम में शनिवार रात एक दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक को सीमेंट मिक्सर लेकर आए टीएम मिलर मिक्सर ट्रक ने रिवर्स लेते समय कुचल दिया। मृतक की पहचान अनुज लक्ष्मीचंद यादव (निवासी – मांडवा, तहसील जुन्नारदेव, जिला छिंदवाड़ा) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, तामसवाड़ी ग्राम में हर्ष कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा सीमेंट रोड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस काम के लिए कंपनी के करंभाड़ स्थित प्लांट से लगातार मिक्सर ट्रक के माध्यम से सीमेंट कंक्रीट पहुंचाया जा रहा है। शनिवार की रात भी एक मिक्सर ट्रक निर्माण स्थल पर पहुंचा।

बारिश के कारण काम रुकने के बाद मजदूर अनुज प्लास्टिक ओढ़कर उसी स्थान पर सो गया था। इसी दौरान रिवर्स ले रहे ट्रक चालक ने पीछे ध्यान न देते हुए ट्रक चला दिया जिससे अनुज ट्रक के पहियों के नीचे आ गया। ट्रक के पहिये सीधे उसके सिर पर चढ़ गए जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के समय ट्रक चालक अजय प्रसाद कमल अकेला था और उसे पीछे से मार्गदर्शन देने के लिए कोई सहयोगी मौजूद नहीं था। कंपनी की ओर से ऐसी किसी सुरक्षा व्यवस्था या व्यक्ति की तैनाती नहीं की गई थी, जिससे यह लापरवाही साफ दिखाई देती है। पुलिस को सूचना मिलते ही पारशिवनी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ धारा 281 व 106(1) के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

### मात्र दो दिन पहले ही आया था युवक काम पर

मृतक अनुज यादव दो दिन पहले ही मजदूरी के लिए छिंदवाड़ा से तामसवाड़ी आया था। रात की पाली में कार्यरत था लेकिन बारिश के कारण काम बंद हो गया। बारिश से बचने के लिए प्लास्टिक ओढ़कर वहीं सो गया था। इसी दौरान यह हादसा हुआ।

### हर्ष कंस्ट्रक्शन कंपनी की लापरवाही से गई युवक की जान

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि ट्रक चालक के साथ एक मार्गदर्शक या हेल्पर होता, तो यह हादसा रोका जा सकता था। हर्ष कंस्ट्रक्शन कंपनी की यह घोर लापरवाही है, जिसने 19 वर्षीय युवक की जान ले ली। ग्रामीणों ने कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है और कहा है कि इस तरह की लापरवाहियों पर सख्त रोक लगनी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसे हादसे न हों।

# नवयुवक विद्यालय में छात्रों का उत्साहपूर्वक स्वागत



**कामठी.**

नवयुवक उच्च प्राथमिक विद्यालय, गौतमनगर, कामठी में सोमवार 23 जून को नए शैक्षणिक सत्र के पहले दिन सभी छात्रों का आरती उतारकर, फूल और चॉकलेट देकर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। उपस्थित सभी छात्रों को उनकी कक्षाओं के अनुसार पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। नए प्रवेश पाने वाले छात्रों को मुफ्त स्कूल यूनिफॉर्म, खिलौने और बेल्ट भी वितरित किए गए।

प्रधानाध्यापक विजय नंदनवार की अध्यक्षता में और भदंत नागदीपंकर की मुख्य उपस्थिति में एक संक्षिप्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भदंत नागदीपंकर और प्रधानाध्यापक विजय नंदनवार ने नशामुक्ति सप्ताह के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम का प्रस्तावना और संचालन राजकुमार शेंडे ने किया, जबकि दिलीप मस्की ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रल्हाद डोंगरे, राखी बागडे, दीक्षा फुले, मयुरी यादव और विभा सोनडवले आदि ने प्रयास किए।

## निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

### शोभा बागडे



**कामठी.** कामठी के भूषण नगर, येरखेडा निवासी व बीएसएनएल कार्यालय से सेवानिवृत्त राजेंद्र बागडे की पत्नी शोभा बागडे (55) का आज 23 जून, सोमवार सुबह निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे अजनी रोड स्थित नए मोक्षधाम में किया गया।

### प्रमीला यादवराव मेश्राम



**कामठी.** अविनाश हाईस्कूल के संचालक सदानंद मेश्राम व भाजपा के वरिष्ठ नेता पुष्पराज मेश्राम की माताजी प्रमिला यादवराव मेश्राम (निवासी – कामठी) का निधन सोमवार 23 जून को सुबह 11:30 बजे हो गया। उनका अंतिम संस्कार शाम 5 बजे नए मोक्षधाम, कामठी में किया गया।

# जिला वार्षिक योजना निधि का शत-प्रतिशत व्यय करें : पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर

## वर्धा में जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



**वर्धा.**

जिले के समग्र विकास के लिए शासन द्वारा विभिन्न विभागों को जिला वार्षिक योजना के अंतर्गत निधि उपलब्ध कराई जाती है। यह निधि किसी भी परिस्थिति में शासन को वापस न जाए, इसका विशेष ध्यान रखते हुए शत-प्रतिशत खर्च की जानी चाहिए। सभी कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं, ऐसा मार्गदर्शन जिल्याचे पालकमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने किया।

यह निर्देश उन्होंने नियोजन भवन में आयोजित जिला योजना समिति की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। इस बैठक में उन्होंने पिछले वर्ष की सामान्य जिला वार्षिक योजना, अनुसूचित जाति उपयोजना तथा आदिवासी उपयोजना के व्यय तथा चालू वित्तीय वर्ष में मई माह के अंत तक किए गए व्यय का आकलन किया। इस अवसर पर सांसद अमर काले, विधायक दादाराव केचे, विधायक समीर कुणावर, विधायक सुमित वानखेड़े, विधायक राजेश बकाने, जिलाधिकारी वान्मथी सी., मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग सोमन, जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, उपवन संरक्षक हरवीर सिंह, अतिरिक्त सीईओ सूरज गोहाड, जिला नियोजन अधिकारी अनिरुद्ध राजुरवार सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित थे।

**पिछले वर्ष 99.99% निधि खर्च:** जिलाधिकारी वान्मथी सी. ने बैठक की शुरुआत में जानकारी देते हुए बताया कि पिछले वर्ष तीनों योजनाओं के अंतर्गत कुल 374.45 करोड़ रुपये की निधि स्वीकृत की गई थी, जिसमें से 374.43 करोड़ रुपये खर्च किए गए। व्यय का प्रतिशत 99.99 रहा, जिसकी पालकमंत्री ने सराहना की।

वहीं चालू वर्ष में सामान्य जिला योजना के अंतर्गत 350 करोड़, अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए 44 करोड़ और आदिवासी उपयोजना हेतु 18.70 करोड़ रुपये, इस प्रकार कुल 412.70 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

पालकमंत्री ने निर्देश दिए कि योजनाओं का प्रस्ताव बनाते समय जनप्रतिनिधियों को विश्वास में लिया जाए और उनकी मंजूरी के बाद प्रशासनिक प्रक्रिया पूर्ण की जाए। साथ ही कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए जिले के विकास को प्राथमिकता दी जाए।

**मैदानों की सफाई न होने पर ठेकेदारों का भुगतान रोके :** पालकमंत्री डॉ. भोयर ने कहा कि वर्धा में सालभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं, जिससे मैदानों की स्थिति खराब हो जाती है। ऐसे में मैदानों की साफ-सफाई समय पर न होने पर संबंधित ठेकेदारों का भुगतान रोकने के निर्देश उन्होंने दिए।

**सोयाबीन बीजों की गुणवत्ता पर सवाल :** विधायक राजेश बकाने ने जिले में बिक रहे वरुण प्रजाति के सोयाबीन बीजों की खराब गुणवत्ता का मुद्दा उठाया। इस पर पालकमंत्री ने कृषि विभाग को बीज स्टॉक की जांच कर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

**बाल वैज्ञानिकों को इसरो यात्रा का अवसर :** जिले में हो रही विज्ञान प्रदर्शनियों में चयनित 51 बाल वैज्ञानिकों को बेंगलुरु स्थित इसरो केंद्र की यात्रा कराई जाएगी। नागपुर स्थित रमन विज्ञान केंद्र का भी दौरा कराया जाएगा। इससे बच्चों की वैज्ञानिक सोच को बल मिलेगा।

### जनप्रतिनिधियों ने दिए सुझाव

**बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए, जिनमें शामिल हैं:**

- अस्पतालों में आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता
- शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति
- स्कूल, आंगनवाड़ी व सुरक्षा दीवारों का निर्माण
- श्मशान भूमि तक रास्तों का निर्माण
- अधूरी ग्राम सड़क योजनाएं
- घरकुल लाभार्थियों को पट्टों का वितरण
- जंगलों से सटे गांवों के लिए सुरक्षा बाड़बंदी
- हैंडपंपों की मरम्मत
- सेवाग्राम जलापूर्ति योजना में प्रगति
- जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी
- आर्वी में भूमिगत जल निकासी
- आर्वी में शिवाजी महाराज की नई प्रतिमा की स्थापना
- किसानों की फसलों को जंगली जानवरों से सुरक्षा
- बैंकों से मिलने वाली सब्सिडी में पारदर्शिता
- जले हुए रोगियों के उपचार की व्यवस्था

पालकमंत्री ने सभी मुद्दों पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# शाला प्रवेशोत्सव उत्साहपूर्वक संपन्न

> विद्यार्थियों का गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत

> गणवेश व पाठ्य पुस्तकों का वितरण

**वर्धा.** स्थानीय नगर परिषद द्वारा संचालित लाला लाजपत राय प्राथमिक शाला तथा गफ्फार उर्दू प्राथमिक शाला में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत शाला प्रवेशोत्सव के रूप में उत्साहपूर्वक की गई। विद्यार्थियों के स्वागत में विशेष आयोजन किया गया, जिससे स्कूल परिसर में आनंदमय वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सचिन शेंडे ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में अभिभावक प्रतिनिधि शहनाज जफर शहा उपस्थित थीं। कार्यक्रम की शुरुआत क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले की छवि के पूजन से की गई। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों का गुलाब की पंखुड़ियों से स्वागत किया गया, जिससे बच्चों के चेहरे खिल उठे। इसके साथ ही विद्यार्थियों को शाला गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं। कार्यक्रम में शाला प्राचार्य नीलेश गुल्हाने ने उपस्थित अतिथियों और अभिभावकों का परिचय करवाया। संचालन गफ्फार उर्दू प्राथमिक शाला के प्राचार्य मोहम्मद जावेद अब्दुल रशीद ने किया, जबकि पूर्व छात्र सिद्धांत रंगारी ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के उपरांत विद्यार्थियों को केले, केक और चॉकलेट वितरित कर मिठास भरे स्वागत का समापन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों, विद्यार्थियों व शिक्षकों की उपस्थिति से विद्यालय प्रांगण उल्लासमय वातावरण से भर गया।



# अवैध रेत तस्करी पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**हिंगनघाट.**



तहसील के अंतर्गत आने वाले अल्लीपुर पुलिस थाने की टीम ने आलमडोह फाटा के पास नाकाबंदी कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अवैध रूप से रेत की तस्करी कर रहे एक टिप्पर को पकड़ते हुए पुलिस ने कुल 25 लाख 15 हजार रुपये मूल्य का माल जब्त किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 22 जून को अल्लीपुर पुलिस टीम को गश्त के दौरान एक गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि मौजा सिरसगांव से अलीपुर की ओर अवैध रूप से रेत लेकर एक टिप्पर आ रहा है। इस सूचना के आधार पर पुलिस ने आलमडोह फाटा के पास नाकाबंदी की और संदिग्ध टिप्पर को रोका।

जांच के दौरान टिप्पर में अवैध रूप से ले जाई जा रही रेत पाई गई। जब वाहन चालक गजानन नागोसे से इस संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए, तो वह कोई भी अनुमति अथवा कागजात प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए टिप्पर (अनुमानित कीमत 25 लाख रुपये) और उसमें भरी रेत (अनुमानित कीमत 15 हजार रुपये), इस प्रकार कुल 25 लाख 15 हजार रुपये का माल जब्त किया और अल्लीपुर थाने में मामला दर्ज किया गया। यह कार्रवाई जिला पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर कवड़े, उपविभागीय पुलिस अधिकारी राहुल चव्हाण, अल्लीपुर थाने के थानेदार विजय कुमार घुले, पुलिस उपनिरीक्षक अश्विन कुमार खेडीकर तथा पुलिसकर्मी अजय रिठे, निखिल वासेकर और गणेश आव्हाड के मार्गदर्शन व सहभाग से की गई।

पुलिस की इस तत्पर कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध रेत तस्करी करने वालों में हड़कंप मच गया है।

# वर्धा में जीवरक्षक फाउंडेशन को पालकमंत्री पंकज भोयर ने प्रदान किया गोशाला प्रमाणपत्र

> घायल गायों की सेवा में जुटे फाउंडेशन को मिला सरकारी पंजीकरण

**वर्धा.**



शहर में पिछले कई वर्षों से घायल एवं बीमार गायों की सेवा में जुटे जीवरक्षक फाउंडेशन को अब शासन की ओर से औपचारिक मान्यता मिल गई है। 22 जून को वर्धा के कलेक्टर कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिले के पालकमंत्री तथा राज्यमंत्री पंकज भोयर ने फाउंडेशन को गोशाला का सरकारी पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर पालकमंत्री पंकज भोयर ने कहा, "गोशाला का कार्य केवल धार्मिक परंपरा का पालन नहीं, बल्कि एक सामाजिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी है।" उन्होंने आगे कहा कि कई गोशालाएं निस्वार्थ भाव से यह कार्य कर रही हैं और अब शासन की ओर से उन्हें सरकारी रजिस्टर में स्थान देना उनके कार्य का सम्मान है। पंजीकरण मिलने से अब जीवरक्षक फाउंडेशन को विभिन्न शासकीय योजनाओं का लाभ मिलेगा, साथ ही उनकी कार्यप्रणाली में पारदर्शिता और अनुशासन भी सुनिश्चित होगा।

ज्ञात हो कि जीवरक्षक फाउंडेशन ने हिंगणघाट क्षेत्र में अब तक अनेक घायल गौवंश का उपचार कर उन्हें नया जीवन दिया है। उनके इस सेवा कार्य को अब शासन की मान्यता प्राप्त होने से उन्हें और अधिक सहयोग मिलने की उम्मीद है। कार्यक्रम के दौरान प्रशासन के अन्य अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता और जीवरक्षक फाउंडेशन के सदस्य भी उपस्थित थे।

# भारत विद्यालय में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रथम शाला प्रवेशोत्सव

## नवागंतुक विद्यार्थियों का गुलदस्ते व तिलक से किया गया स्वागत, पुस्तकें वितरित

**हिंगनघाट.**



भारत विद्यालय में शासन के निर्देशानुसार कक्षा 5वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों का प्रथम शाला प्रवेशोत्सव बड़े हर्षोल्लास एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में मनाया गया। विद्यालय में पहले ही दिन रौनक लौट आई जब विद्यार्थियों ने नए यूनिफॉर्म, नए बैग और नई नोटबुक के साथ स्कूल में कदम रखा।

विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विद्यालय को गुब्बारों, फूलों और आम के पत्तों से सुंदर रूप से सजाया गया था। प्रवेश द्वार पर रंगोली बनाई गई तथा नवागंतुक विद्यार्थियों का ढोल-नगाड़ों व बैंड टीम की धुन पर उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। विशेष रूप से कक्षा 5वीं व 6वीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर, गुलाब का फूल व गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया गया। हर बच्चे के चेहरे पर खुशी और जिज्ञासा साफ झलक रही थी। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य हरीश भट्टड़, उप प्राचार्य किशोर चावरे, पर्यवेक्षक नीलांक्षी बुरिले, पर्यवेक्षिका मनीषा कोंडावार तथा अभिभावक प्रतिनिधि नीलेश माथनकर व सीमा नवाते विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्राचार्य भट्टड़ ने नए शैक्षणिक वर्ष के लिए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए स्कूल की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। पुस्तकालयाध्यक्ष विकास नागरकर ने शिक्षकों के सहयोग से कक्षा 5वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों को समग्र शिक्षा अभियान अंतर्गत प्राप्त पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया। स्कूल परिसर में फिर से बच्चों की चहचहाहट गूंजने लगी। पुराने मित्रों से मिलकर बच्चे बेहद उत्साहित नजर आए। कहीं मुस्कुराते चेहरे थे, तो कहीं नए दोस्त बनाने की जिज्ञासा। शिक्षकों व अभिभावकों से मिलने की गहमागहमी ने पूरे माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षिका निकिता कामडी ने किया, वहीं उप प्राचार्य किशोर चावरे ने आभार प्रदर्शन किया। अभिभावकों के लिए चाय की व्यवस्था के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 'स्कूल टू स्टुडेंट पास' स्कूल में ही वितरित किए गए बस पास



**हिंगनघाट/समुद्रपुर.**

महाराष्ट्र राज्य परिवहन महामंडल द्वारा शुरू की गई "स्कूल टू स्टुडेंट पास" पहल के अंतर्गत हिंगनघाट और समुद्रपुर तालुका के छात्रों को अब बस पास के लिए डिपो आने की आवश्यकता नहीं रही। रविवार, 23 जून को वर्धा विभाग के अंतर्गत हिंगनघाट डिपो की टीम ने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों में जाकर छात्रों को उनके शैक्षणिक बस पास वितरित किए। इस अभियान के अंतर्गत अहिल्याबाई होल्कर योजना के तहत कुल 1324 छात्राओं को पास दिए गए, जबकि शैक्षणिक, तकनीकी और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत 190 छात्रों को पास प्रदान किए गए। इससे विद्यार्थियों का समय और आने-जाने का खर्च दोनों बचा। पास वितरण कार्यक्रम के दौरान हिंगनघाट डिपो बस स्थानक प्रमुख जयंत सदमाके, यातायात निरीक्षक ममता सोनोने, विवेक मांडवकर, उत्तम खडसंगे, पुरुषोत्तम कड़वे, सैयद आसिफ तथा अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। इस सुव्यवस्थित व्यवस्था के लिए अभिभावकों और शिक्षकों ने राज्य परिवहन विभाग का आभार व्यक्त किया और इस पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह सुविधा छात्र-हित में एक सराहनीय कदम है, जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है।

# अमोल बोरकर बने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) के हिंगनघाट शहर कार्यकारी अध्यक्ष

> वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में हुआ नियुक्ति कार्यक्रम

**हिंगनघाट.**



अमोल बोरकर को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के हिंगनघाट शहर के कार्यकारी अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इस अवसर पर एक समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें वर्धा जिला अध्यक्ष सुनील राऊत, पूर्व विधायक वसंत बोंडे, प्रदेश महासचिव अतुल वांदीले और जिला निरीक्षक सुरेश गुडधे की उपस्थिति में अमोल बोरकर को नियुक्ति पत्र सौंपा गया।

अपनी नियुक्ति के बाद अमोल बोरकर ने कहा कि वे हिंगणघाट शहर में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाएंगे। इस कार्यक्रम में कई गणमान्य नेता व पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें समुद्रपुर तालुका अध्यक्ष महेश झोंटिग पाटिल, पूर्व नगराध्यक्ष बबनराव हिंगणेकर, हिंगनघाट तहसील अध्यक्ष विनोद वानखेड़े, नागपुर जिला अध्यक्ष प्रवीण कुंठे पाटिल, सहकारी नेता वासुदेव गौलकार, ओबीसी जिला अध्यक्ष प्रशांत घवघवे, दिव्यांग क्षेत्र सचिव मारोती महाकालकर, कृषि जिला अध्यक्ष प्रभाकर रेवतकर, जिला उपाध्यक्ष अशोक वांदीले, परिवहन जिला अध्यक्ष शेखर जाधव, युवा क्षेत्र सचिव संदीप कीटे, जिला महासचिव दशरथ ठाकरे, सामाजिक कार्यकर्ता सुनील डोंगरे, पूर्व नगरसेवक अशोक पराते, पूर्व नगरसेवक बालाजी गेहलोत, पूर्व नगरसेवक दिनेश देशकरी, युवा जिला अध्यक्ष प्रणय कदम और राजू भाईमारे प्रमुख रूप से मौजूद थे।

कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण और प्रेरणादायक रहा। सभी उपस्थित नेताओं ने अमोल बोरकर को शुभकामनाएं दीं और भविष्य में संगठन को और मजबूत बनाने की उम्मीद जताई।

# कराटे खिलाड़ियों का भव्य सम्मान समारोह संपन्न

> युवाओं को खेल में आगे आने का आह्वान: डॉ. सागर कावड़े

**वर्धा.**




"खेल क्षेत्र में करियर बनाकर देश सेवा का अवसर प्राप्त किया जा सकता है। आज के युवाओं को इस दिशा में आगे बढ़ना चाहिए," ऐसा प्रतिपादन वर्धा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कावड़े ने किया। वे 22 जून को शहीद हुतात्मा स्मारक परिसर में लायंस ट्रेडिशनल शुट्टोकोन कराटे डू एसोसिएशन द्वारा आयोजित कराटे खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में उद्घाटन समारोह के अवसर पर बोल रहे थे।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता लायंस क्लब वर्धा के अध्यक्ष सुरेंद्र महाकालकर ने की। वहीं, प्रमुख अतिथि के रूप में राष्ट्रीय कराटे महासंघ के राष्ट्रीय सलाहकार इमरान राही, आचार्य विनोबा भावे ग्रामीण अस्पताल के मुख्य अधिकारी डॉ. संजय इंगले तिगांवकर, निसर्ग सेवा समिति के अध्यक्ष मुरलीधर बेलखोड़े, ताइक्वांडो संघ के मार्गदर्शक प्रवीण चौरे, राष्ट्रीय महासंघ के सचिव सिहान उल्हास वाघ, खेल कराटे संघ के सचिव मंगेश भोंगाड़े, इंजीनियर विजय नखले, लायंस क्लब के पूर्व अध्यक्ष विजय सत्यम, मोहन मोहिते, डॉ. प्रीतम सालुखे (रॉय) आदि मान्यवर मंच पर उपस्थित थे। इमरान राही ने बढ़ते अपराधों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की परिस्थितियों में बच्चों को आत्मरक्षा के लिए कराटे जैसे खेलों की शिक्षा अनिवार्य है।

उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों को शारीरिक और मानसिक रूप से सक्षम बनाने हेतु कराटे की ओर प्रोत्साहित करें। डॉ. संजय इंगले तिगांवकर ने आशा व्यक्त की कि वर्धा जिले के खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर जिले का नाम रोशन करेंगे। मुरलीधर बेलखोड़े, सुरेंद्र महाकालकर और प्रवीण चौरे ने भी खेल के महत्व पर प्रकाश डाला।

इस अवसर पर श्रीलंका में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए चयनित पुलगांव की मोहिनी चुटे, वर्धा के सेंसाई साहिल उल्हास वाघ, आर्य सुनील पाटिल और आर्यन विलास वानखेड़े का शॉल और माला पहनाकर भव्य सम्मान किया गया।

साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित छात्र-छात्राओं को बेल्ट और प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।

कार्यक्रम की प्रस्तावना सिहान उल्हास वाघ ने प्रस्तुत की, संचालन अमोल भांकर ने किया और आभार प्रदर्शन लीला वाघ ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में विक्रांत गवन, पूरब शर्मा, मिहिर वाघ, प्रेम कंवर, आर्यन चापेकर, हर्षाली चौधरी, कल्याणी खडसे, क्रांति मोहिते, वैष्णवी पांडे, तनु पांडे, नितिन यादव और लीला वाघ समेत अनेक कार्यकर्ताओं ने महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

# संत तुकड़ोजी वार्ड के नागरिकों ने दी अन्नत्याग आंदोलन की चेतावनी

**हिंगनघाट.** संत तुकड़ोजी वार्ड के नागरिकों ने कलोडे हॉल के सामने स्थित झुग्गी-झोपड़ियों को हटाने की मांग को लेकर नगरपालिका प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपा है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर झुग्गी-झोपड़ियों को हटाकर क्षेत्र को समस्यामुक्त नहीं किया गया, तो वे अन्नत्याग आंदोलन शुरू करेंगे।

स्थानीय नागरिकों ने बताया कि झुग्गी-झोपड़ियों के कारण क्षेत्र का वातावरण भयग्रस्त हो गया है। इस स्थान पर असामाजिक गतिविधियों की आशंका बनी रहती है, जिससे रहवासी हमेशा दहशत में रहते हैं। नागरिकों ने कई बार नगरपालिका और संबंधित विभाग से शिकायतें की हैं, लेकिन आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में क्षेत्र की महिलाएं और नागरिक उपस्थित थे।

# भारत विद्यालय में मां-बेटी ने किया पौधारोपण

## 'एक पेड़ मां के नाम' उपक्रम से दी पर्यावरण संरक्षण की प्रेरणा

**हिंगनघाट.**




शैक्षणिक सत्र 2024-25 के पहले ही दिन भारत विद्यालय, हिंगणघाट में पर्यावरण संरक्षण का अद्वितीय संदेश देते हुए वृक्षारोपण उपक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना पर आधारित 'एक पेड़ मां के नाम' उपक्रम के तहत राष्ट्रीय हरित सेना द्वारा वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत की गई।

इस अवसर पर विद्यालय में नवप्रवेशित कक्षा 5वीं और 6वीं के विद्यार्थियों ने अपने माता-पिता के साथ मिलकर वृक्षारोपण किया। इसमें मां-बेटी की भागीदारी विशेष रूप से सराहनीय रही। उन्नति कृष्णाजी महाजन ने अपनी मां भाग्यश्री महाजन के साथ, आराध्या हेमंत भोयर ने अपनी मां मनीषा भोयर के साथ और पुरवाई नीलेश कामड़ी ने अपनी मां निकिता कामड़ी के साथ वृक्षारोपण कर इस पहल को सार्थक बनाया। वृक्षारोपण के उपरांत विद्यालय के प्राचार्य हरीश भट्ट ने विद्यार्थियों को सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए। इस वर्ष से 'एक विद्यार्थी – एक वृक्ष' उपक्रम की शुरुआत की गई है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी विद्यालय के पहले दिन छात्रों को देशी प्रजातियों के पौधे वितरित किए गए और उनकी देखरेख के सुझाव दिए गए।

राष्ट्रीय हरित सेना के दत्ता भांगे ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे अपनी मां के साथ मिलकर एक पौधा लगाएं और अपने जन्मदिन पर उस पौधे का "वृक्ष जन्मदिन" मनाएं।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में जारुल और तम्हण जैसे राजवृक्षों का भी रोपण किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य हरीश भट्ट, उप प्राचार्य किशोर चावरे, पर्यवेक्षक नीलाक्षी बुरिले, मनीषा कोंडावार, अभिभावक प्रतिनिधि नीलेश माथनकर, ग्रीन आर्मी के सीमा नवाते, दत्ता भांगे, निखारे, योगेश तिवारी, अमित महाजन, सचिन धारकर, विकास नागरकर, बालाजी आसुटकर सहित शिक्षक, विद्यार्थी एवं अभिभावक बड़ी संख्या में उपस्थित थे। विद्यालय की इस अनोखी पहल ने पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी और पारिवारिक सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# सीताबाई नरगुंदकर नर्सिंग महिला महाविद्यालय में मनाया गया योग दिवस

## विद्यार्थियों और स्टाफ ने बढ़-चढ़कर लिया भाग, योग के लाभों को समझा

**नागपुर.**

महर्षि कर्वे स्त्री शिक्षण संस्था के अंतर्गत संचालित सीताबाई नरगुंदकर नर्सिंग महिला महाविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस वर्ष योग दिवस की थीम 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य योग' रही, जिसके अंतर्गत योग को वैश्विक स्वास्थ्य से जोड़ने का संदेश दिया गया।



इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिक्षक दत्तात्रेय कुलकर्णी, प्रकाश खांडेकर तथा प्रभाताई खांडेकर उपस्थित थे। कुलकर्णी और खांडेकर ने छात्राओं को योग के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कुछ सरल योगासन कर प्रदर्शन करते हुए उनके लाभ भी समझाए। कार्यक्रम के दौरान बी.एस.सी. नर्सिंग चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा सूर्य नमस्कार और विभिन्न योग आसनों का सुंदर प्रदर्शन किया गया।

महाविद्यालय की शिक्षिकाओं, गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों तथा छात्राओं ने भी योगाभ्यास में सक्रिय सहभाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता दिखाई। इस सफल आयोजन का नेतृत्व महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूपा वर्मा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम समन्वयक प्रोफेसर काजल घाटे और खेल शिक्षिका भारती पेंदाम ने समस्त व्यवस्थाएं संभालते हुए योग दिवस को प्रभावशाली और उद्देश्यपूर्ण बनाया.

# उबाठा तालुका प्रमुख बने रविंद्र अरगड़े



**दिग्रस.** शिवसेना पक्ष प्रमुख उद्धव ठाकरे के आदेश से हाल ही में मुंबई, मुरमाड सहित यवतमाल जिले के पदाधिकारियों की नियुक्तियों की घोषणा की गई है. यवतमाल जिले के यवतमाल शहर सहित विभिन्न तहसीलों और ग्रामीण विभागों के विभिन्न पदों पर पदाधिकारियों को नियुक्ति दी गयी है. इस कड़ी में दिग्रस विधानसभा क्षेत्र के दिग्रस सह संपर्क प्रमुख पद पर गोपाल चव्हाण, विधानसभा संगठक रवी काले, दिग्रस (तालुका) तहसील प्रमुख पद पर रविंद्र अरगडे को नियुक्त किया गया है.

# स्कूल के पहले दिन जिलाधिकारी ने किया स्वागत

### जिला परिषद के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन, जिलाधिकारी का वलगांव स्थित स्कूल को दौरा



**अमरावती, राजेश मालवीय.** आज से जिला परिषद के स्कूलों में शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हो गई। विकसित भारत के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका महत्वपूर्ण है और विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति रुचि उत्पन्न हो, इस उद्देश्य से जिलाधिकारी आशीष येरेकर ने आज स्कूल के पहले दिन विद्यार्थियों का स्वागत कर उन्हें मार्गदर्शन दिया। वलगांव स्थित पीएमश्री जिला परिषद उच्च प्राथमिक उर्दू शाला में आज सुबह जिलाधिकारी येरेकर ने पहुंचकर विद्यार्थियों से संवाद साधा। इस अवसर पर सरपंच सुधीर उगले, उपसरपंच दशरथ मानकर, तहसीलदार विजय लोखंडे, पुलिस निरीक्षक वैभव पानसरे, मुख्याध्यापक जावेद अहमद, विस्तार अधिकारी अजित पाटिल, आंगनवाड़ी पर्यवेक्षिका अर्चना ठाकरे आदि उपस्थित थे। जिलाधिकारी येरेकर ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने शिक्षा के द्वार सभी के लिए खोले। उन्होंने बालिकाओं को शिक्षा का अवसर दिया, जिसकी वजह से आज स्कूलों में बालिकाओं की संख्या अधिक है। आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं, यह बहुत ही खुशी की बात है। किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए मेहनत आवश्यक है। सरकारी स्कूलें किसी भी तरह से निजी स्कूलों से कम नहीं हैं। मैं खुद एक सरकारी स्कूल का विद्यार्थी हूं। विद्यार्थियों को समय का महत्व समझकर पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। अपनी ताकत पहचानकर सफलता प्राप्त करें, ऐसा उन्होंने कहा। उन्होंने यह भी कहा कि अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को मोबाइल से दूर रखें। मोबाइल का उपयोग केवल शैक्षणिक कार्यों के लिए ही होना चाहिए। यह समय विद्यार्थियों के लिए ज्ञान प्राप्त करने का है।

# सौंसर में जिला युवा अनुसूचित जाति विभाग की बैठक संपन्न

**सौंसर.**



नगर सौंसर स्थित विधायक निवास पर जिला युवा अनुसूचित जाति विभाग की विशेष बैठक का आयोजन हुआ। यह बैठक पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, पूर्व सांसद नकुलनाथ, प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी एवं जिला अध्यक्ष सुरेश झलके के निर्देशानुसार संपन्न हुई। बैठक में ग्वालियर उच्च न्यायालय में बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देशानुसार प्रदेश स्तरीय संविधान सत्याग्रह पर विस्तार से चर्चा की गई।

इसके साथ ही नव नियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान किये गए। इस अवसर पर विधायक विजय चौरे, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र येमदे, एससी प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष डॉ. राजेश सोमकुवर, जिला प्रवक्ता विट्ठल गायकवाड़, एससी युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष गुलशन गजभिए के साथ-साथ अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी योजनाओं पर चर्चा की। बैठक में उपस्थित प्रमुख लोगों में लेखराज डोंगरे, मनीष बागड़े, अमोल रंगारे, रूपेश कड़बे, आकाश रंगारे, निलेश सोमकुवर, अतुल रंगारे, नूतन खरात, राहुल मरकाम सहित कांग्रेस के कई ऊर्जावान कार्यकर्ता शामिल थे।

# आयुषी लाडे की इन बीसीएन न्यूज़ एवं नागपुर मेट्रो समाचार (हिंदी डेली) को स्नेहिल भेंट








**नागपुर.** शहर की इगनाइट मॉडलिंग अकादमी की डायरेक्टर आयुषी लाडे ने इन बीसीएन न्यूज़ एवं नागपुर मेट्रो समाचार (हिंदी डेली) के हनुमान नगर कार्यालय में स्नेहिल भेंट दी। इस अवसर पर बिजनेस हेड इमरान दाऊदी, एडमिन शाहिना शेख और एंकर मान गंगवानी से संवाद हुआ। भेंट के दौरान फैशन, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक योगदान जैसे विषयों पर चर्चा हुई। मान गंगवानी ने आयुषी लाडे का विशेष साक्षात्कार भी लिया। संस्थान के सहकर्मियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनका आत्मीय स्वागत किया।

# मंत्री जायसवाल के समक्ष 200 लोग हुए शिवसेना में शामिल

### गोयल टाकीज रोड शिवाजी महाराज सभागृह में हुआ कार्यक्रम



**कामठी.**

शिवसेना शिंदे द्वारा आयोजित सदस्यता जोड़ो अभियान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नवनियुक्त पुर्व विदर्भ के सम्पर्क मंत्री, वित्त-नियोजन, कृषि-मदद व पुनर्वसन, निधि व न्याय, कामगार राज्यमंत्री एड. आशीष जैस्वाल ने शिवसेना के संगठन के विस्तार, सशक्तिकरण, एवम बड़ी संख्या में सदयस्ता अभियान चलाकर नए सदस्य को पार्टी में जोड़ा जोड़ने व शिवसैनिक घर घर जाकर लोगो के बीच उनकी समस्याओं को सुलझाने हेतु प्रयास करने जैसे कई मुद्दों पर शिवसैनिको का मार्गदर्शन किया।

कार्यक्रम दौरान उपजिला प्रमुख राजनसिंह के नेतृत्व में करीब 200 से अधिक लोगो ने शिवसेना में प्रवेश किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष रूप से विद्यार्थी सेना उपजिलाप्रमुख आशीष जैन, मनपा पूर्व नगरसेवक बंडू तलवेलकर, कामठी शहर प्रमुख शिवम ग्रावकर, कामठी उप शहर प्रमुख संजय ऊके, युवा सेना उपजिल्हा प्रमुख कुणाल पिल्ले, युवा सेना शहर प्रमुख साहिल पिल्लै, उप शहर प्रमुख गौरव खरबगन, जुल्फेकार भाई, मयंक मेश्राम, पारस पाटिल, हर्षल वाड़ीभस्मे, यश वाडीभस्मे आदि ने प्रयास किया। कार्यकम में नरेश कनोजे, गोलू करनुके, देवेंद्र आनंदराव चकोले, सुनील हाड़ौती, बिट्टू ग्रावकर, आदित्य ग्रावकर, प्रिंस मेश्राम, शरद भूषणवार, राहुल धानोरकार, बाबू खान, गज्जू फुलबांधे, सतीस आतरम, नियाज भाई, शुभम पिल्लै, शौर्य नानेट, सागर इंगोल, महिला सेना की मेघा तूरी, सानिया जमीर सहित अन्य शिवसैनिक प्रमुखता से उपस्थित थे।

# भगत कंवराम सिंधी धर्मशाला का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न

**नागपुर.**



भगत कंवराम सिंधी धर्मशाला, गांधीबाग, नागपुर का त्रिवार्षिक चुनाव रविवार को शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक वातावरण में संपन्न हुआ। यह चुनाव हरीश रोचलदास केवलरामानी की देखरेख में बतौर चुनाव अधिकारी संपन्न हुआ। इस चुनाव में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें सुरेश रोचलदास केवलरामानी को अध्यक्ष चुना गया। अन्य निर्वाचित पदाधिकारियों में अशोक केवलरामानी उपाध्यक्ष, हरीश वासवानी सचिव, अशोक कृपलानी सहसचिव, एवं विजय केवलरामानी कोषाध्यक्ष के रूप में चयनित हुए। कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रमेश टलानी, सतीश मूलचंदानी, विजय केवलरामानी, लालचंद लखवानी, मुकुल केवलरामानी और धरमदास चावला को चुना गया। सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को सिंधी समाज ने शुभकामनाएं दीं और आशा व्यक्त की कि नई कार्यकारिणी धर्मशाला के विकास एवं समाज सेवा में नई ऊंचाइयों को छुएगी।

| शुभांक | | |
|---|---|---|
| श्रीदेवी | 124-7 | 289-9 |
| श्रीदेवी नाईट | 447-5 | 134-8 |



# कामठी नगर परिषद हर मंगलवार चुनावी चौपाल में सियासी दंगल



प्रस्तुति : सौमित्र कल्याणी बैकुंथनाक नंदी, उपसंपादक, 9881272088, 9604758944

## जल्द पूरा करें प्रभाग रचना, राज्य चुनाव आयोग का निर्देश; जल्द होंगा नगर परिषद चुनाव

### इरशाद कुरैशी कहा- अब वादा नहीं, नप में सत्ता में हिस्सा चाहिए !



कामठी नगर परिषद चुनाव से पहले शहर की राजनीति में हलचल तेज हो गई है। इस बार कुरैशी समाज सिर्फ एक मतदाता बनकर नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति के रूप में उभर रहा है।

जमीअतुल कुरैश संगठन अध्यक्ष इरशाद कुरैशी का स्पष्ट संदेश है कि नगर परिषद में अब भागीदारी नहीं, हिस्सेदारी चाहिए। वादों से नहीं, अब सीटों से बात होगी। जो कुरैशी समाज की बात करेगा, वही राज करेगा। अब कुरैशी समाज सिर्फ वोट नहीं देगा, सीट मांगेगा। जो हमारी बात करेगा, हम उसी के साथ खड़े होंगे। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या हमें अब भी सिर्फ गिनती में रखा जाएगा? क्या अब भी समाज को सिर्फ वोट बैंक समझा जाएगा। जबकि कुरैशी समाज के कई संगठन अब राजनीतिक चेतना और एकता के एक नए दौर में प्रवेश कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हम किसी के विरोध में नहीं, पर अब बिना प्रतिनिधित्व के समर्थन नहीं। हमारी नीति साफ है अब सत्ता में हमारी उपस्थिति होनी चाहिए। इरशाद कुरैशी ने बताया कि कुरैशी समाज के सशक्त नेतृत्व, एकता और जागरूकता को देखते हुए यह तय माना जा रहा है कि आने वाले चुनावों में कुरैशी समाज कामठी नगर परिषद चुनाव की राजनीतिक समीकरणों को बदलने की क्षमता रखता है।

### चुनाव जीतने को लेकर उदयसिंग यादव ने जताया भरोसा-



राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शरद पवार कामठी शहर अध्यक्ष उदयसिंग यादव ने आगामी कामठी नगर परिषद चुनाव में अपने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की संभावनाओं पर भरोसा जताया। उन्होंने विकास के प्रति पार्टी की प्रतिबद्धता और शहर में इसके बढ़ते समर्थन पर जोर आधार दिया। चुनावों की चल रही तैयारियों पर बोलते हुए इस बात पर जोर देते हुए कि स्थानीय कामठी नगर परिषद में गठबंधन पर फैसला लेने का अधिकार पूर्व गृहमंत्री अनिल देशमुख एवं पूर्व मंत्री रमेश बंग के पास रहेगा और हमारी भूमिका पार्टी आदेश के तहत चुनाव लड़ना है। उन्होंने यह भी कहा, 'हमारे कार्यकर्ता कमर कस कर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

### वृत पत्र विक्रेता संघ चुनाव पर खासा असर डालेगी - दीपांकर गणवीर



आगामी दिनों में होने जा रहे कामठी नगर परिषद चुनाव का महासंग्राम अब अपने चुनावी दौर की ओर बढ़ चला है। वार्ड के परिसीमन प्रक्रिया आरम्भ हो चुकी है। जहां चुनावी मैदान में दावेदारी कर रहे प्रत्याशी मतदाताओं को साधने में जुटे हुए हैं, वहीं कामठी नगर परिषद के चुनाव को लेकर वृत पत्र विक्रेता संघ में भी खासा उत्साह है। चुनावी चर्चा के बीच उनके दावेदारों की छवि भी इस बार चुनाव पर खासा असर डालेगी। लेकिन वृत पत्र विक्रेता संघ के अध्यक्ष दीपांकर गणवीर ने पहले से ही अपने मन में अपने पसंदीदा प्रत्याशियों का चयन कर उन्हें प्रत्याशी बनाने का पक्का मन बना लिया है। जो चुनाव पर खासा असर डालेगी। दीपांकर गणवीर ने बताया कि इस बार मतदाता खुलकर किसी पैनल का विरोध तो करता दिखाई नहीं दे रहा लेकिन जो हवा चल रही है वह कुछ और ही कहानी बयां कर रही है। चुनावी ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो वक्त बताएगा मगर जब तक चुनावी परिणाम सामने नहीं आ जाते तब तक चर्चा और कयासबाजी निरंतर जारी रहेगी। इसे मद्देनजर रखते हुए आज वृत पत्र विक्रेता संघ चुनाव को लेकर भाग्य आजमाइश करने वाले हैं।

### छावां मराठा संगठन अपने बल पर चुनाव लड़ेगी - नियाज़ सिंघानिया



छावां मराठा संगठन के ज़िला अध्यक्ष नियाज़ सिंघानिया ने कहा कि अपने बल पर कामठी नगर परिषद चुनाव लड़ेंगे।

नियाज़ सिंघानिया ने कहा कि छावां मराठा संगठन अपने पूर्व के अनुभवों से सबक लेते हुए आसन्न स्थानीय नगर परिषद का चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। उन्होंने कहा कि छावां मराठा संगठन समावेशी राष्ट्रवाद के सिद्धांत के साथ आगे बढ़ेगी। सामाजिक आर्थिक प्रस्ताव पर उन्होंने कहा कि नगर परिषद प्रशासन द्वारा नौकरशाही को जवाबदेह, पारदर्शी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अब छावां मराठा संगठन मजबूत करने में सक्रिय हो गये हैं। साथ ही चुनाव में प्रत्याशी भी धमाल मचा देंगे।

### एमएनएस अकेले लड़ेगी चुनाव - देवाशीष चौधरी



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के कामठी शहर अध्यक्ष देवाशीष चौधरी ने बताया कर साफ किया कि महाराष्ट्र में बीएमसी के साथ ही अन्य नगर निकायों के चुनाव होने हैं और इसे लेकर सियासी दलों की सक्रियता बढ़ गई है। राज ठाकरे की पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे के साथ अन्य पार्टियों की गठबंधन कर चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही हैं। निकाय चुनाव की आहट के बीच हर सियासी दल अपना कुनबा दुरुस्त करने और संगठन के पेच कसने में जुट गया है। इन सबके बीच महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे की सीएम एकनाथ शिंदे और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं के साथ करीबी देखने को मिली थी।एमएनएस कामठी अध्यक्ष देवाशीष चौधरी ने बताया कि हमारे सुप्रीमों राज ठाकरे ने अब कार्यकर्ताओं के बीच ये संदेश दे दिया है कि एमएनएस अकेले ही निकाय चुनाव लड़ेगी। इसे मद्देनजर रखते हुए एमएनएस अकेले चुनाव लड़कर कामठी नगर परिषद पर कब्जा करेंगी।

### नगर परिषद में जीत का परचम लहराएगी सपा - नितीन सहारे



समाजवादी पार्टी के कामठी - मौदा विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष नितीन सहारे ने कहा कि निकाय चुनाव में इस बार समाजवादी पार्टी सही उम्मीदवारों का चयन कर रही है और जैसे ही ज़िला निर्वाचन अधिकारी की घोषणा होगी, हम लोग अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर देंगे और अप्रत्याशित जीत के साथ अपना परचम निकाय चुनाव में लहराएंगे। नितीन सहारे ने बड़ा दावा करते हुए कहा कि इस चुनाव को जीतकर हम दिखाएंगे, हम प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आज़मी, प्रदेश प्रधान महासचिव परवेज़ सिद्दीकी, महिला सभा महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष माया चवरे के मार्गदर्शन में दो तिहाई सीटों के जीत के साथ अपना परचम लहराएगी।

### गोंगपा अकेले लड़ चुनाव नप पर करेंगी कब्जा - गणेश पाटील



कामठी : गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) कामठी नगर परिषद चुनाव में अकेले लड़ने के लिए तैयार है। गणेश पाटील गोंगपा के अध्यक्ष प्रत्याशी भी हो सकते हैं। गोंडवाना गणतंत्र पार्टी अनुसूचित जाति के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष गणेश पाटील ने बताया कि फिलहाल अधिकांश प्रत्याशियों के नाम तय कर लिए गए हैं। खास बात यह है कि कामठी की राजनीति हमेशा से दो ध्रुवीय रही है। यहां मुख्य रूप से कांग्रेस और भाजपा के बीच चुनावी मुकाबले होते रहे हैं। आमतौर पर देखा जाए तो यहां किसी तीसरे दल और छोटे दल भी अपने लिए कोई स्थान बना पाने में सफल नहीं हो पाए हैं। गोंगपा अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष गणेश पाटील ने कहा है कि उनकी पार्टी कामठी नगर परिषद चुनाव में अकेले ही मैदान पर उतरने जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल अधिकांश सीटों पर प्रत्याशी तय हो गए हैं। इनके नामों की घोषणा जल्द की जाएगी। गोंगपा के मैदान पर उतरने से माना जा रहा है कि कांग्रेस के लिए कुछ चुनौती सामने आ सकती है। गणेश पाटील ने बताया कि वे कामठी - नगर परिषद चुनाव में गोंगपा के अध्यक्ष प्रत्याशी भी हो सकते हैं।